शुक्रवार
23 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



होनेवाली भाभी से रेप के बाद हत्या, आरोपी ने शव को दफनाकर उसमें डाल दिया नमक 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## प्रवचन के लिए बोधगया पहुंचे बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा



केटी न्यूज/बोधगया

- प्रवचन कार्यक्रम में आनेवाले लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है
- गया एयरपोर्ट लैंड करने वाले हर यात्रियों की कोरोना जांच करने का आदेश

बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा गुरुवार को बोधगया पहुंचे। दिल्ली से चार्टर्ड प्लेन से वह गया एयरपोर्ट उतरे। उनके स्वागत के इंतजार में बौद्ध श्रद्धालु सड़क के दोनों किनारे हाथों में फूल की डलिया और खाता लिये कतार में खड़े थे। इस दौरान चारों ओर लाउडस्पीकर से बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्म शरणं गच्छामि की गूंज रही।

बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा के बोधगया में होनेवाले प्रवचन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एडवाईजरी जारी की गई है। प्रवचन कार्यक्रम में आनेवाले के लिए मास्क को अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही गया एयरपोर्ट पर आने वाले हवाई यात्रियों का कोरोना जांच का दायरा बढ़ाने को कहा गया है। पहले यह जांच महज दो प्रतिशत ही हो रही थी अब यह जांच पांच प्रतिशत हर दिन करनी होगी। दलाई लामा के कार्यक्रम की वजह से प्रतिदिन 4-5 अंतरराष्ट्रीय विमान गया लैंड कर रहा है। गया लैंड करने वाले हर यात्रियों की जांच एयरपोर्ट पर कर लेने का आदेश दिया गया है। इस मसले पर डीएम डॉ त्यागराजन एसएम ने सिविल सर्जन सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों और तिब्बती एडमिनेस्ट्रेशन के साथ बैठक कर जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए विशेष ऐतिहात बरतने का निर्देश दिए हैं।

डीएम ने बताया कि गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में प्रतिदिन 4 से 5 इंटरनेशनल फ्लाइट आ रहे हैं। गया एयरपोर्ट पर कोरोना जांच के लिए एक टीम प्रतिनियुक्त है। हर दिन रैंडमली 2% यात्रियों के कोरोना की सैंपल जांच की जा रही थी, जिसे बढ़ाकर 5% कर दी गई है। इंटरनेशनल फ्लाइट वियतनाम, थाईलैंड, म्यानमार से आने वाले तीर्थ यात्रियों के विगत 01 सप्ताह में अब तक जितने भी टेस्ट किये गए हैं उसमें कोई भी पॉजिटिव केस नहीं मिला है।

**अलर्ट : चीन समेत दुनियाभर में बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए पीएम ने उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक**

# मास्क पहनें और सोशल डिस्टेंसिंग अपनाएं : मोदी

एजेंसी/नई दिल्ली

देश में कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए पीएम मोदी ने गुरुवार को एक अहम बैठक की। पीएम मोदी ने समीक्षा बैठक के बाद लोगों से मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग की अपील की है। पीएम ने इसके साथ ही कोरोना की टेस्टिंग बढ़ाने और कोविड सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने यह बैठक बीते कुछ महीनों में देश के अलग-अलग राज्यों में ऑमिक्रॉन के नए सब वेरिएंट बीएफ.7 के मामले मिलने के बाद बुलाई। बीते कुछ महीनों में भारत में ओमिक्रॉन के नए वेरिएंट के चार मामले सामने आए हैं। इस बैठक में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत कई बड़े अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल मीटिंग में कहा, कोविड को लेकर पूरी तैयारी रखिए। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने राज्यों को ऑक्सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लांट, वेंटिलेटर और बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट कराने की सलाह दी। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, आईसीएमआर के अधिकारी, सिविल एविएशन के अधिकारी, नीति आयोग के वीके पॉल और अन्य सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर मौजूद रहे। बैठक में पीएम मोदी वर्चुअली शामिल हुए।

### पीएम की अपील

- कोरोना की टेस्टिंग को बढ़ाएं और कोविड सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग करें
- ऑक्सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लांट, वेंटिलेटर और बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट कराएं राज्य
- कोरोना से लोग घबराए नहीं, इससे विशेष तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है





गुरुवार को कोरोना की रोकथाम को लेकर गृहमंत्री व उच्चाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**भीड़ को रोकने जारी हो सकता है नोट :** बैठक के बाद राज्यों को क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान मास्क और सामाजिक दूरी पर जोर देने और भीड़ को रोकने की सलाह देते हुए एक नोट जारी किए जाने की संभावना है। चीन में बड़े पैमाने पर पाए जाने वाले ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट के चार मामले देश में भी मिले हैं।

वहीं, केंद्र सरकार ने कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमण को रोकने के लिए विदेश से आने वाले यात्रियों को लेकर खास दिशा-निर्देश दिए हैं। देश भर के हवाईअड्डों पर विदेश से आने वाले यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग शुरू कर दी गई है। केंद्र सरकार ने ओमिक्रोन के नए वेरिएंट से संक्रमण को लेकर लोगों को सलाह देते हुए कहा है कि इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### चीन में पैरासिटामोल जैसी दवाइयों की कमी

कोरोना को लेकर चीन, जापान में हालात गंभीर हो गए हैं। जापान में कोरोना से संक्रमित कई बच्चों की मौत हो गई है। जापान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यहां भी ओमिक्रॉन वैरिएंट का कहर देखा जा रहा है। कोरोना से मरने वाले लगभग आधे बच्चों को पहले से कोई बीमारी नहीं थी, इसको लेकर गंभीर होने की जरूरत है। चीन में पैरासिटामोल जैसी आवश्यक दवाइयों तक की कमी हो गई है।

## अश्विनी चौबे को लोकसभा स्पीकर ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र जारी है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को अनुशासन पालन के मामले में सख्त माना जाता है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सामने आया जब केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का नाम पुकारा गया तो वह नदारद थे। जैसे ही वह अंदर आए तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें समय पर आने की चेतावनी दे डाली।

## बिहार के बद्री नारायण को हिंदी के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा

केटी न्यूज/पटना

साहित्य अकादमी ने हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा रॉय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक समेत 23 भारतीय भाषाओं के लेखकों को वर्ष 2022 का प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान करने की गुरुवार को घोषणा की। बद्री नारायण मूल रूप से बिहार के हैं। वे बिहार के भोजपुर से आते हैं। उन्हें इसके पहले भी साहित्य क्षेत्र से जुड़े कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। अकादमी के सचिव के श्रीनिवास राव ने कहा कि 23 भाषाओं के लिए घोषित इन पुरस्कारों में सात कविता संग्रह, छह उपन्यास, दो कहानी संग्रह, दो साहित्य समालोचना, तीन नाटक और एक आत्मकथा समेत अन्य कृतियां शामिल हैं।

## नालंदा में 30 लाख के आभूषण की चोरी

केटी न्यूज/नालंदा

नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र के छाछू बिगहा गांव में बुधवार की देर रात बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़कर करीब 30 लाख के सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार नगदी को चुरा लिया। बताया जा रहा है की चोरी कर भाग रहे बदमाशों पर जब गांव के चौकीदार भूषण प्रसाद पर नजर पड़ी। तब उसे पकड़ने का प्रयास किया तो अकेला पाकर बदमाशों ने उसके हाथ पैर को बांधकर सड़क किनारे फेंक कर दिया और उसके पास से मोबाइल को लेकर फरार हो गए। बंधक बना चौकीदार किसी तरह अपना हाथ पैर खोल थाना पहुंचा। तब लोगों को इस भीषण चोरी की घटना की जानकारी हुई।

शाह ज्वेलर्स के संचालक के पिता रामवृक्ष शाह ने बताया कि स्थानीय लोगों और पुलिस द्वारा दुकान में चोरी की घटना की जानकारी दी गई। चोरों ने पहले सेंधमारी का प्रयास किया। इसके बाद असफल होने पर शटर तोड़कर दुकान में रखे करीब 30 किलो चांदी, एक किलो सोने के जेवरात और 50 हजार नगद समेत लगभग 30 लाख के सामान को चुरा लिया। हालांकि उन्होंने बताया कि उनका पुत्र अभी बाहर है। आने के बाद ही चोरी गए सामान का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### खबरें फटाफट

#### नए साल से महंगे हो सकते हैं रिचार्ज प्लान

**नई दिल्ली।** नए साल से मोबाइल रिचार्ज प्लान महंगे हो सकते हैं। टेलीकॉम ऑपरेटरों द्वारा टैरिफ में वृद्धि की जा सकती है। टेलीकम्युनिकेशन की दिग्गज कंपनी जियो और एयरटेल रेवेन्यू और मार्जिन को बढ़ाने के लिए मौजूदा प्लांस की कीमतों में 10 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकते हैं। बिजनेस इंसाइडर की एक रिपोर्ट के अनुसार, जियो और एयरटेल सहित अन्य दूरसंचार ऑपरेटर अगले 3 वर्ष यानी फाइनेंसियल ईयर 2023, फाइनेंसियल ईयर 2024 और फाइनेंसियल ईयर 2025 में लगातार टैरिफ में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की घोषणा कर सकते हैं।

#### कोर्ट ने एसपी पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

**सासाराम।** सासाराम कोर्ट ने आदेश के अवहेलना मामले में रोहतास एसपी पर 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। 22 साल पुराने मामले में अपर जिला जज मनोज कुमार की अदालत ने एसपी पर जुमार्ना लगाया है। जुर्माना 15 दिनों में जिला जज विधिक सेवा अधिकार में जमा करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि इससे पहले भी इसी ने अदालत में अवहेलना मामले में एसपी पर 25000 जुमार्ना लगाया था ।जानकारी के अनुसार सासाराम नगर थाने में 22 अक्टूबर 1996 को एक जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया था।

## राहुल गांधी बोले... सच्चाई से डरती है भाजपा

एजेंसी/नई दिल्ली

**राहुल गांधी ने कहा: नहीं रुकेगी भारत जोड़ो यात्रा, अब कश्मीर जाएगी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के लिए बहाने ढूंढ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने चीन समेत कुछ देशों में कोरोना वायरस के मामलों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे अपील की थी कि यदि कोविड नियमों का पालन नहीं किया जा सकता, तो वह भारत जोड़ो यात्रा को निलंबित करने पर विचार करें।



कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई यात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान से गुजर चुकी है। गांधी ने हरियाणा के नूंह जिले के घासेड़ा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह यात्रा कश्मीर जाएगी। अब वे एक नया तरीका लेकर आए हैं। उन्होंने मुझे पत्र लिखा कि कोविड फैल रहा है, यात्रा रोक दो।

राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ने राजस्थान चरण के बाद बुधवार को नूंह से हरियाणा में प्रवेश किया था। उन्होंने कहा, अब वे यात्रा रोकने का बहाना बना रहे हैं। मास्क लगाओ, यात्रा रोको, कोविड फैल रहा है, ये सब बहाने हैं। केंद्र और हरियाणा में सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा कि वह सच्चाई से डरती है। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान की शक्ति से, हिंदुस्तान की सच्चाई से, ये लोग डर गए हैं, ये सच्चाई है।

## जेपी सेतु पर ट्रकों के परिचालन पर लगेगी रोक

**पटना।** पटना के गंगा नदी पर बने जेपी सेतु पर एक जनवरी से ट्रकों के परिचालन पर रोक लगाई जाएगी। जिला प्रशासन ने पटना यातायात पुलिस के एसपी को पत्र लिख पुल पर ट्रकों के परिचालन पर पूर्णत: रोक लगाने का अनुरोध किया है। गांधी सेतु पर रेनोवेशन के कारण जाम की समस्या से बचने के लिए जेपी सेतु से नवंबर 2020 में उत्तर से दक्षिण की तरफ खाली भारी ट्रकों के आवाजाही की अनुमति प्रदान की गई थी। लेकिन अब गांधी सेतु के दोनों लेन का निर्माण पूरा हो गया है और उन पर बड़े वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति में अब आगामी एक जनवरी से जेपी सेतु पर ट्रकों के परिचालन पर रोक लगाई जाएगी।

## उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा दें: नीतीश

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को चतुर्थ कृषि रोडमैप को लेकर बैठक की गई। इसमें कृषि सह पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव एन सरवन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चतुर्थ कृषि रोडमैप को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि चतुर्थ कृषि रोडमैप में कृषि के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा कृषि बाजार के विकास को लेकर योजनाबद्ध ढंग से काम करें। प्रखंड स्तर पर ई-किसान भवन में किसानों को कृषि एवं कृषि उत्पादों से संबंधित प्रशिक्षण एवं जानकारी सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराएं। जलवायु अनुकूल कृषि कार्य एवं जैविक खेती के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य करें। राज्य में ही बेहतर गुणवत्ता वाले बीज का विकास कराएं। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन वाले यंत्रों का निर्माण भी यहीं करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौर क्षेत्र के विकास के लिए 'नीचे मछली ऊपर बिजली के उत्पादन की योजना पर बेहतर ढंग से काम करें। फसलों के विविधीकरण के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राज्य में सब्जी और मखाना का अच्छा उत्पादन हो रहा है, इसके उत्पादकों को और अधिक उत्पादन के लिये प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सहूलियत प्रदान करें। चावल, गेहूं के अलावे अन्य फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। पशुओं के नस्ल सुधार और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ पशु जनित उत्पाद के क्षेत्र में वैल्यू चेन और एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के लिए नए जलस्त्रोत के सृजन एवं विकास पर काम करें। जल जमाव से प्रभावित क्षेत्रों में निकासी के लिए क्षेत्रवार योजना बनाकर काम करें। राज्य में 17 प्रतिशत हरित आवरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पौधारोपण और तेजी से करायें।

बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के परामर्शी अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त विवेक सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, कृषि सह पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव एन सरवन मौजूद थे।



## खबरें फटाफट

### ट्रेन से गिरी महिला हुई घायल

**जहानाबाद।** गुरुवार के दिन मखदुमपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे विशेष इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार घायल महिला जहानाबाद की मुन्नी कुमारी बताई जा रही हैं। जो जहानाबाद से गया डॉक्टर के यहां इलाज करवाने जा रही थी। इसी बीच मखदुमपुर स्टेशन पर ट्रेन रुकी और महिला कुछ काम से ट्रेन से नीचे उतर गई। वहीं अचानक ट्रेन खुलने पर महिला दौड़ कर ट्रेन में चढ़ने लगी। जिसमें वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गई। गनीमत या रही के वहां मौजूद लोगों ने महिला को पकड़ लिया। जिससे वो ट्रेन के नीचे जाने से बच गई।

### आर्म्स एक्ट में आरोपी को एक साल की सजा

जहानाबाद। न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार चतुर्वेदी की अदालत ने आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को एक वर्ष साधरण कारावास की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी अरुण कुमार राव ने बताया कि 24 मई 2009 को ग्राम कंसारा मखदुमपुर थाना क्षेत्र निवासी विनोद यादव के घर से काठ के बक्सा में रखा हुआ देशी राइफल, मैगजीन सहित बरामद हुआ। छापामारी कर रहे मखदुमपुर थाना के सहायक अवर निरीक्षक रामकृत पासवान ने देसी राइफल और मैगजीन को जप्त कर अभियुक्त विनोद यादव पर प्राथमिकी दर्ज किया।

# गांवों में बैठक का आयोजन कर पंचायत की समस्याएं की जाएंगी चिह्नित: विकास सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**

- डुमरांव प्रखंड स्थित कोरानसराय एचडब्ल्यूसी में जन आरोग्य समिति की हुई बैठक
- मुखिया प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य समस्याओं को चिह्नित करते हुए निराकरण का दिया भरोसा

जिले के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत कोरानसराय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में गुरुवार को जन आरोग्य समिति की बैठक हुई। जिसमें पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं की राह में आने वाली अड़चनों व बाधाओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया कांति देवी के प्रतिनिधि विकास सिंह ने की।

इस दौरान सीएचओ पूर्णिमा सिंह ने उन्हें सर्व प्रथम जन आरोग्य समिति के कार्यों से अवगत कराया। सीएचओ ने बताया कि इस समिति का मुख्य उद्देश्य पंचायत के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ और सुविधाजनक बनाना है। इसके लिए जन आरोग्य समिति के माध्यम से पंचायत में स्वास्थ्य सेवाओं की बाधाओं को चिह्नित करते हुए उनको दूर करना है। ताकि, लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। इस क्रम में मुखिया प्रतिनिधि ने अपनी ओर से इसके लिए पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर एएनएम चिंता कुमारी, आशा फैसिलिटेटर उर्मिला देवी, आशा कार्यकताओं में सुजाता देवी, नैनतारा देवी, मंजू देवी, विद्यावती जीविका की पूजा देवी, शिक्षक पूर्णानंद मिश्रा व अन्य लोग शामिल रहे।



बैठक में शामिल सीएचओ, मुखिया प्रतिनिधि, शिक्षक व स्वास्थ्य कर्मी

### लोगों को मिले स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी

मुखिया प्रतिनिधि विकास सिंह ने कहा, पंचायत में ज्यादातर लोग गरीब, अनपढ़ व मजदूर वर्ग के हैं। ऐसे लोगों को शायद ही मालूम होगा कि सरकार द्वारा स्थापित एचडब्ल्यूसी के माध्यम से वो क्या-क्या लाभ उठा सकते हैं। ऐसे में उन लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी हम लोगों की है। इसलिए पंचायत के ऐसे लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए पूरे पंचायत में माइकिंग के साथ डोर-टू-डोर जाकर लोगों तक एचडब्ल्यूसी पर मिलने वाली सेवाओं और सुविधाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिससे लोगों को जानकारी हो और वो सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी नि:शुल्क सेवाओं और सुविधाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही, इस अभियान में शिक्षकों का भी सहयोग लिया जाएगा। इस पर शिक्षक पूर्णानन्द मिश्रा ने हर संभव सहयोग देने की बात कही।

**पंचायत के सभी गांवों में होगी बैठक :** मुखिया कांति देवी के प्रतिनिधि विकास सिंह ने कहा, पंचायतों में स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याओं और बाधाओं को चिह्नित करना होगा। इसके लिए पंचायत के सभी गांवों में एक-एक दिन बैठक की जाएगी। जिसमें संबंधित क्षेत्र के फ्रंट लाइन वर्कर्स, लोगों व प्रबुद्धजनों को शामिल किया जाएगा। बैठक के माध्यम से उन क्षेत्रों की समस्याओं और बाधाओं की सूची तैयार की जाएगी। जिसके बाद उन समस्याओं और बाधाओं को सूचीवार दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्रम में यदि प्रखंड स्तरीय या जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क करना पड़ा, तो वो भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों को सुलभ रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए हरसंभव कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी आशाओं से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की।

**विश्वास का कत्ल: मृतका व आरोपी दोनों अरवल के रहनेवाले, जहानाबाद के एक होटल में हुई घटना**

# होनेवाली भाभी से रेप के बाद हत्या, आरोपी ने शव को दफनाकर उसमें डाल दिया नमक

- आरोपी और मृतका के बीच फोन पर बातचीत से बढ़ी थी घनिष्ठता
- विश्वास का फायदा उठा आरोपी ने दिया घटना को अंजाम
- शक के आधार पर जब पुलिस ने आरोपी को पकड़ा तो वह घटना से करता रहा इंकार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अरवल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक भाई ने अपने बड़े भाई की होनेवाली पत्नी की रेप कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने होने वाली भाभी के शव को दफना दिया और लाश को गलाने के लिए उसपर नमक छिड़क दिया। आरोपी और मृतका अरवल के रहने वाले हैं। आरोपी ने जहानाबाद के एक होटल में होने वाली भाभी से रेप के बाद हत्या कर दी और शव को वहां से दूर पटना के पास ले जाकर दफना दिया। शव जल्दी से गल कर नष्ट हो जाए इसके लिए आरोपी ने उसपर नमक छिडक दिया।



घटनास्थल पर जांच को पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम

जानकारी के मुताबिक अरवल के रहने वाले आरोपी ने पहले अपनी होने वाली भाभी को फोनकर मिलने बुलाया। इसके बाद जहानाबाद ले जाकर होटल में रेप किया फिर उसकी हत्या कर दी। लड़की का शव पटना के पास जानीपुर में मिला है। आरोपी का नाम विजेंद्र कुमार है।

### फरवरी में ही होने वाली थी शादी

फरवरी में लड़की की शादी आरोपी के बड़े भाई से होने वाली थी। इसके बाद आरोपी विजेंद्र भी अपनी होने वाली भाभी से फोन पर बातचीत करता था। इस बीच लड़के वाले ने शादी से इंकार कर दिया। इधर विजेंद्र की अपनी होने वाली भाभी से खूब बात होती थी दोनों में घनिष्ठता बढ़ गई थी।

**पुलिस को भी दे रहा था झांसा :** मृतका के पिता ने बताया 16 नवंबर को विजेंद्र ने लड़की को फोन कर अरवल बाजार में मिलने बुलाया। इसके बाद से उनकी लड़की लापता था। परिजनों ने लड़की को खूब खोजा। विजेंद्र से अपनी बेटी के बारे में भी पूछा लेकिन उसने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जिसके बाद लड़की के परिजनों ने 25 नवंबर को मामला दर्ज कराया। तब पुलिस ने आरोपी विजेंद्र को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ में जुट गई। पहले तो विजेंद्र ने पुलिस को खूब चकमा दिया इसके बाद उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। जानीपुर थाना पुलिस के अनुसार, आरोपी अरवल बाजार से लड़की को लेकर जहानाबाद के एक होटल में गया और उसका रेप किया फिर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को गाजा चक गांव के एक झाड़ीनुमा जमीन के नीचे दफन कर दिया। अगले दिन आरोपी ने साक्ष्य को मिटाने के लिए लड़की के शव पर नमक डाल दिया ताकि शव पूरी तरह गल जाए। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गुरुवार को लड़की की सड़ी-गली अवस्था में शव बरामद किया फिर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## एक नजर

### जहानाबाद के वाणावर पहाड़ की तलहटी में वाणावर महोत्सव का हुआ आयोजन



**जहानाबाद।** पर्यटन विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन जहानाबाद के संयुक्त तत्वाधान में मखदुमपुर प्रखंड स्थित वनावर पहाड़ की तलहटी में वाणावर महोत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार, घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, जहानाबाद विधायक सुदय यादव, एमएलसी कुमुद वर्मा, जीप अध्यक्ष रानी कुमारी, जिला पदाधिकारी रिची पांडे, उप विकास आयुक्त परितोष कुमार ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया, बता दें के पर्यटन विभाग द्वारा वाणावर में हर साल वाणावर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जहां स्थानीय कलाकारों के अलावा बॉलीवुड के सिंगर आकर अपना जलवा बिखेरते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहां के वाणावर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक व धार्मिक धरोहर है इसके विकास के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही साथ वाणावर के प्रचार-प्रसार की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा की वाणावर केवल पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण नही है बलके ये धार्मिक स्थल भी है। सावन में यहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। और बाबा सिद्धेश्वर नाथ पर जलाभिषेक करते हैं। मौके पर मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार ने कहा के वाणावर को अब केवल बिहार में नहीं बल्कि देश की धरोहर में वाणावर का नाम अंकित हो उन्होंने कहा कि यहां के विकास के लिए न केवल राज्य सरकार बल्कि केंद्र सरकार को भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 2023 तक यहां रोपवे बनकर तैयार हो जाएगा, जिसके बाद बड़ी संख्या में यहां प्रत्येक दिन सैलानी आएंगे, उन्होंने कहा कि हम लोग पहल कर रहे हैं। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण सफल बनाने को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान भी तैनात किए गए थे, मौके पर जीप सदस्य संगीत देवी, राजद नेत्री शाहीन तारिक, मुखिया धीरज कुमार, सारिक फतह, प्रेम कुमार पप्पू दांगी, सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### प्रशिक्षण में नवनियुक्त एएनएम का हुआ उन्मुखीकरण



**जहानाबाद।** जिला स्वास्थ समिति के सभागार कक्ष में नवनियुक्त एएनएम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम अंतर्गत क्षेत्र में चलाए जा रहे रोग निगरानी के बारे में बताया गया। क्षेत्र में फैलने वाले संक्रामक बीमारी जैसे- जापानी इंसेफेलाइटिस, टाइफाइड, डायरिया, मीजल्स, चिकन पॉक्स आदि पर भी जानकारी दिया गया। ताकि क्षेत्र में रोग को पहचान कर जिला स्तर तक सूचना दिया जा सके। जिससे समय रहते बीमारियों पर निगरानी करते हुए निरोधात्मक एवं उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके। साथ ही, एएनएम के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताया। क्षेत्र में उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किया जाना है जैसे- टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, घर भ्रमण, गर्भवती महिलाओं का देखभाल रिपोर्टिंग आदि पर भी जानकारी दी गई। प्रखंड स्तर पर एक-एक नामित नोडल को भी इस कार्य हेतु उन्मुखीकरण किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में उपस्थित प्रतिभागी को सिविल सर्जन जहानाबाद के द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन रोग निगरानी कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिदिन की जा रही बीमारियों का ऑनलाइन गुणवत्तापूर्ण प्रतिवेदन करें। प्रशिक्षण सिविल सर्जन जहानाबाद के निर्देश अंतर्गत किया गया। प्रशिक्षक के रूप में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, जिला डाटा प्रबंधक, डीईओ एवं जिला कोऑर्डिनेटर आद्री द्वारा दिया गया।

### ठेला चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**जहानाबाद।** एक ठेला चालक के अपने परिचित के घर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया। हालांकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता नही चल सका। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और मामले की छानबीन करने में जुटी है। घटना नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव का। वहीं, इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पटना जिले के पालीगंज निवासी नवल मालाकार जहानाबाद शहर में रहकर ठेला चलाकर मजदूरी करता था। गुरुवार की शाम अपने दोस्त के घर पर गया और बोला कि मैं कुछ देर के लिए आराम करना चाहता हूं जिसके बाद उसके दोस्त जितेंद्र कुमार उसे आराम करने के लिए अपना रूम देकर बाजार चला गया। जब वह कुछ देर बाद अपने घर लौटा तो देखा कि कमरा अंदर से बंद है। जिसके बाद जितेंद्र ने दरवाजा खोलने का काफी प्रयास किया लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे अनहोनी की आशंका होने लगी। उसके बाद किसी तरह दूसरे मकान से अंदर जाकर दरवाजा खोला तो देखा की नवल मालाकार का शव फंदे से लटका हुआ है। जिसके बाद आसपास के लोगों भीड़ जमा हो गयी और इसकी सूचना नगर थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

# विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले 88 बंदियों को राज्य के दूसरे जेलों में भेजने की तैयारी

**केटी न्यूज/आरा**

- डीएम की हरी झंडी मिलने के बाद भागलपुर भेजे जा सकते हैं बंदी
- आपराधिक षड़यंत्र रचने में 19 बंदी भेजे जा चुके हैं भागलपुर

मंडल कारा की विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले बंदियों को चिन्हित करते हुए दूसरे जेल भेजने की तैयारी चल रही है। इसके तहत कारा अधीक्षक की ओर से डीएम और एसपी को प्रस्ताव भेजा गया है। उसमें 88 कुख्यात और विचाराधीन बंदियों को भागलपुर या अन्य जेल भेजे जाने का अनुरोध किया गया है। इन अफसरों की हरी झंडी मिलने के बाद चिन्हित बंदियों को दूसरे जेलों में भेजा जा सकता है। इन बंदियों में अखिलेश उपाध्याय, नईम मियां, प्रकाश चौधरी, मिठाई यादव, बोतल महतो, कुख्यात बालू माफिया विदेशी राय उर्फ अमरेश राय, नित्यानंद सिंह और ब्रजेश मिश्रा सहित अन्य शामिल है। इससे पूर्व भी आपराधिक षड़यंत्र रचने के आरोप में 19 बंदियों को भागलपुर सेंट्रल जेल व शहीद जुब्बा शाहनी केंद्रीय कारा भेजा जा चुका है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कारा अधीक्षक की ओर से तीन अलग-अलग डेट में डीएम और एसपी को पत्र भेजकर बंदियों को दूसरे जेल भेजने का अनुरोध किया गया है। उसके तहत गत 10 दिसंबर को 36,12 को 45 और 13 दिसंबर को सात बंदियों को भागलपुर या दूसरे जेल भेजे जाने का अनुरोध किया गया है। डीएम और एसपी को भेजे गये पत्र में कारा एवं सुधार सेवाएं के आइजी को भी अनुशंसा करने की बात कही गयी है। कारा प्रशासन की ओर से जेल ट्रांसफर के लिए चिन्हित बंदियों पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं।




### आग तापने में झुलसी महिला, बाल-बाल बचा एक माह का मासूम

**आरा।** बक्सर के कोरानसराय गांव में गुरुवार की सुबह आग की चपेट में आने से एक महिला बुरी तरह झुलस गयी। हालांकि उस हादसे में उसका एक माह का मासूम बेटा बाल-बाल बच गया। परिजनों की चालाकी और तत्परता से बच्चे की जान बच गयी। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। झुलसी महिला कोरानसराय गांव निवासी राजेश चौधरी की 22 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। पुष्पा देवी ने बताया कि गुरुवार की सुबह अपने एक माह के बेटे को गोद में लेकर कमरे में बोरसी पर आग ताप रही थी। उसी दौरान उसका कपड़ा आग की चपेट में आ गया। उसमें वह जलने लगी। उसके बाद वह रोने-चीखने लगी। उसकी आवाज सुनकर परिजन फौरन उसके कमरे में पहुंचे। इसके बाद उसके गोद से बच्चे को छीना और पानी डाल आग को बुझाया गया।

### नदी में डूबे किसान का दो दिन बाद मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

- खेती करने के लिए नदी पार करने के दौरान डूबे थे किसान

भोजपुर गीधा ओपी क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव स्थित गांगी नदी में डूबने से एक किसान की मौत हो गयी। उनका शव दो दिन बाद गुरुवार की सुबह बरामद किया गया। मृत किसान ज्ञानपुर गांव निवासी 65 वर्षीय मंगल बिंद थे। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। किसान के भतीजे संतोष कुमार राय ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार की शाम खेती के सिलसिले में गांगी नदी के दूसरी ओर गये थे। उसी दौरान नाव नदी में पलट गयी और उनकी मौत हो गयी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गयी। उसके बावजूद कुछ पता नहीं चला। बाद में नदी की ओर मौजूद कुछ लोगों द्वारा घटना की जानकारी दी गयी। उस आधार पर नदी में उनकी काफी खोजबीन की गयी, लेकिन शव नहीं मिल पाया। उसके बाद गुरुवार की सुबह भी ग्रामीणों के सहयोग से फिर खोजबीन की गयी। तब उनका शव बरामद हुआ।

**नदी पार करने के लिए बनी फोम की नाव से हुआ हादसा :** किसान के भतीजे संतोष कुमार राय ने बताया कि उनका खेत गांगी नदी के दूसरी ओर है। ऐसे में खेती करने के लिए नदी पार कर जाना पड़ता है। उनके चाचा रोज नदी पार कर खेती करने जाते थे और शाम को वापस लौट आते थे। नदी पार करने के लिए फोम की नाव बनायी गयी है। उसी नाव से वह रोज नदी पार कर आते-जाते थे। मंगलवार को भी वह उसी नाव से गये थे। शाम में वापस लौटते समय नाव पलट गयी, जिससे उनकी मौत हो गयी।


**सर्दियों में पानी की कमी के कारण कोल्ड डायरिया की चपेट में आ सकते हैं बच्चे**

# ठंड में बच्चों को कोल्ड डायरिया से बचाने को करने होंगे उचित प्रबंध

- छह माह से ऊपर के बच्चों को गुनगुना पानी का सेवन कराना अनिवार्य
- बच्चों को दें ताजा व गर्म भोजन, शिशुओं को नियमित कराएं स्तनपान

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में ठंड के कारण तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। बीते कुछ दिनों से कोहरे कारण सुबह में तापमान में गिरावट देखी जा रही है। वहीं, सर्द हवाओं व कुहासों के कारण शहरी इलाके के साथ साथ ग्रामीण इलाकों के लोग गलन जैसी ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं, सर्द मौसम के कारण लोगों की दिनचार्य में भी बदलाव हो रहा है। लोग ठंड के कारण पानी पीने की मात्रा कम कर देते हैं, जो डिहाइड्रेशन का बड़ा कारण बन जाता है। जिसके कारण लोगों को कोल्ड डायरिया से जूझना पड़ता है। खासतौर से छोटे बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इसको लेकर बच्चों के प्रति ठंड में सावधानी बरतनी चाहिए। कोल्ड डायरिया शिशुओं व बच्चों को उनके शरीर के डिहाइड्रेट होने और सर्दी-जुकाम होने से आसानी से पकड़ लेता है। लेकिन ससमय इसका प्रबंधन व इलाज नहीं होने से यह उनके लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। कोल्ड डायरिया के सबसे ज्यादा मामले शुरूआती ठंड में होते हैं। इस दौरान बरती गई लापरवाही मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाती और संक्रमण के चलते उल्टी-दस्त की समस्या शुरू हो जाती है।



### स्तनपान का कोई विकल्प नहीं

डॉ. सिन्हा ने बताया, शिशुओं में दस्त होने के कई कारण होते हैं। जमीन से कुछ उठा कर खाने, दूषित पानी या उससे बने भोजन, जीवाणु संक्रमण या सर्दी-जुकाम से दस्त हो सकता है। जिसे नजरअंदाज न करें और चिकित्सक से संपर्क करें तथा शिशुओं को डिहाइड्रेशन और ठंड से बचाएं। छह माह से कम उम्र के बच्चों को डायरिया व डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए स्तनपान का कोई विकल्प नहीं है। मां के दूध में वो सभी तत्व उपलब्ध होते हैं। जो शिशु को निर्जलीकरण से बचाने और स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इसलिए उन्हें अधिक से अधिक बार स्तनपान कराएं। इस मौसम में शिशुओं को डायरिया होने की सबसे बड़ी वजह उन्हें ठंड लगना है। इसलिए उनको हमेशा पूरे कपड़े पहना कर रखें। बाहर खेलने जाते समय भी स्वेटर, टोपी, मोजे और दस्ताने जरूर पहना कर रखें। वहीं, गुनगुना पानी व गर्म भोजन कराने से उनमें ठंड लगने की संभावनाएं कम हो जाएंगी। उनके सामने छींकने या खांसने से बचें।

**शारीरिक समस्याओं के बढ़ने की संभावना प्रबल :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया, कोल्ड डायरिया में लूज मोशन, भूख न लगना, कपकपी लगना, शरीर में पानी की कमी के साथ पैरों में ऐंठन, दिन भर सुस्ती बने रहना, पेट में दर्द आदि जैसी शारीरिक समस्याओं के बढ़ने की संभावना प्रबल हो जाती हैं। वहीं, अधिक ठंड में निमोनिया की भी समस्या काफी हद तक बढ़ जाती हैं। फेफड़ों में इनफेक्शन व लगातार खांसी आना, सीने में खड़खड़ाहट की आवाज आना और सांस तेज चलना, चेहरा नीला पड़ना, पसली चलना व कमजोरी और लगातार फीवर बने रहना। ऐसा होने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए। ठंड में पानी कम पीना और लगातार दस्त होने पर डिहाइड्रेशन की समस्या पैदा होती है। इसलिए 6 माह से ऊपर के बच्चों को ओआरएस एवं जिंक का घोल सही मात्रा में अवश्य पिलाएं। साथ ही, उनको गुनगुने पानी का सेवन कराएं।

## खबरें फटाफट

### मीटर बाइपास कर बिजली चोरी करते एक धराया

**डुमरांव।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली कंपनी के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया, जिसमें एक को बिजली चोरी करते हुए चिन्हित कर जुमार्ना लगाते हुए आरोपी के खिलाफ नया भोजपुर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया है। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में थाना क्षेत्र के डुमरी रोड स्थित गजरावा के मो असगर अंसारी के खिलाफ 20 हजार 499 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### मारपीट कर 20 हजार रुपए लूटने का आरोप

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी जसदेव राम व अमित राम ने स्थानीय पुलिस को लिखित आवेदन दे आरोप लगाया है कि बीती रात सहियार नट टोली के पास शराब के नशे में धूत लंगड़ नट, गुलाम नट, राहुल नट समेत कुल चार लोगों ने उनके साथ मारपीट कर 20 हजार रुपए नकद व सोने का चेन लूट लिया है। पीड़ित जसदेव ने बताया है कि उसका भाई अमित ट्रक ड्राइवर है। मैं उसी को लेकर रात करीब 8.30 बजे अपने घर जा रहा था। लेकिन नेटुआ टोला के पास शराब के नशे में धूत आरोपियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मामला दर्ज कर पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

### शराब की बोतलों के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**सिमरी।** तिलक राय के हाता ओपी पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र में गश्ती अभियान के दौरान 8 पीएम ब्रांड के 180 एमएल के 26 पीस शराब की बोतलों के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के खंधरा पांडेयपुर गांव निवासी सुरेन्द्र दूबे के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि शराब तस्करी रोकने के लिए एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर जिले भर की पुलिस अलर्ट मोड में है। जिस कारण शराब कारोबारियों व तस्करों की मुश्किलें बढ़ गई है।

**कोलकाता दूसरी बार चैंपियन:** विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार रुपए , उप विजेता को 51 हजार रुपए का दिया गया चेक

# कोलकाता ने मुजफ्फरपुर को 39 रनों से हरा शहीद रविकांत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का जीता खिताब

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोलकाता की टीम एक बार फिर से शहीद आईपीएस रविकांत सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन बनी है। पिछले साल के प्रदर्शन को दुहराते हुए कोलकाता की टीम ने फाइनल में मुजफ्फरपुर की टीम को 39 रनों से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। मैच के अंत में आयोजकों द्वारा विजेता टीम को ट्राफी के साथ ही 1 लाख 51 हजार रुपए का जबकि उप विजेता मुजफ्फरपुर की टीम को रनर कप और 51 हजार रुपए का चेक दिया गया।

फाइनल मैच के दौरान डुमरांव के राज हाई स्कूल के खेल मैदान में करीब दस हजार दर्शक मौजूद थे। हर चौके-छक्के और विकेट गिरने पर दर्शक ताली बजाकर टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे। आयोजक 11 स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा फाइनल मैच के लिए विशेष तैयारी की गई थी। जबकि शहर के व्यवसायियों ने भी इस मैच में दिल खोलकर पुरस्करों की बौछार लगा दी थी। मसलन हैट्रिक विकेट, हैट्रिक छक्के, स्पांसर बोर्ड पर लगने वाले चौके-छक्कों के लिए भी पुरस्कार की घोषणा की गई थी।

**कमेंट्री कर मनोज ने जीता दिल :** फाइनल मुकाबले के साथ ही पूरे मैच में कमेंटर की भूमिका निभाने वाले अंग्रेजी के चर्चित शिक्षक मिस्टर मनोज ने अपनी कमेंट्री से खिलाड़ियों तथा उपस्थित हजारों दर्शकों का दिल जीत दिया। मैच के प्रत्येक मूवमेंट को इन्होंने काफी रोचक तरीके से अपनी कमेंट्री के




मैच जीतने के बाद टूर्नामेंट कप व चेक के साथ कोलकाता की टीम के खिलाड़ी

### टॉस जीत कोलकाता ने चुनी बैटिंग, 25 ओवरों में नौ विकेट पर बनाए 168 रन

फाइनल मुकाबले में सिक्के का उछाल व मैच का परिणाम दोनों ही कोलकाता के पक्ष में रहा। कोलकाता की टीम ने टॉस जीत बैटिंग करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। कोलकाता को इस स्कोर तक पहुंचाने में अंकित फागना 44 रन, मो अजहरुद्दीन 39 रन और विकास नागर के 37 रनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हालांकि कोलकाता के स्टार बल्लेबजा और आईपीएल खेल चुके दीपक पुनिया ने दर्शकों को खासा निराश किया और महज चार रन बना आउट हो गए। इस दौरान उन्हें मयंक की गेंद पर लांग ऑन पर एक जीवनदान भी मिला था। लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। मयंक ने ही अपने अगले ओवर में उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। उनके आउट होने के बाद कोलकाता की टीम कभी भी लय पकड़ते हुए नजर नहीं आई। हालांकि बल्लेबाजों के छोटे-छोटे अंशदान से कोलकाता की टीम ने लड़ने लायक स्कोर जरूर बनाया था।

### 24 वें ओवर में 129 रनों पर सिमट गई मुजफ्फरपुर की पूरी टीम

मुजफ्फरपुर की तरफ से मयंक व सूरज ने दो-दो विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुजफ्फरपुर की टीम के लिए यह स्कोर भी पहाड़ सरीखा साबित हुआ और पूरी टीम 24 वें ओवर में 129 रनों पर सिमट गई। मुजफ्फरपुर की तरफ से अस्फान खान ने सर्वाधिक 47 रनों की पारी खेली। एक समय मुजफ्फरपुर के छह बल्लेबाज मात्र 60 रनों पर पवेलियन लौट गए थे। ऐसा लग रहा था, जैसे मुजफ्फरपुर 100 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। हालांकि इसके बाद पुच्छल्ले बल्लेबाजों ने बढ़िया खेल दिखाया लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। कोलकाता की तरफ से आकाश तोमर ने तीन जबकि मानिक और दिलीप ने दो दो विकेट चटकाए। मैच में स्कोरर के रूप में चेतन, सतीश जायसवाल और अभिषेक जबकि अंपायर के रूप में वेद प्रकाश और राजीव कमल मिश्र, सहायक कमेंटेटर अजितेश रहे।

## कोलकाता के रोहन राठी बने मैन ऑफ द सीरीज

### आकाश तोमर बने मैन ऑफ द मैच

फाइनल मुकाबले में तीन विकेट लेकर मुजफ्फरपुर को बैकफुट पर ढकलने वाले कोलकाता टीम के गेंदबाज आकाश तोमर को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं इसी टीम के रोहन राठी को हर मैच में शानदार बल्लेबाजी करने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गौरतलब है कि रोहन राठी ने क्वार्टर फाइनल में अर्द्धशतक जमाया था जबकि सभी मैचों में टीम की जीत में इनका योगदान सराहनीय रहा था। वहीं सेमीफाइनल में शतक बनाने वाले कोलकाता के अंकित फागना को बेस्ट बैट्समैन, मुजफ्फरपुर टीम के लेफ्ट आर्म स्पीनर मयंक कुमार को बेस्ट बॉलर चुना गया।

### विधायक व एसडीओ ने किया उद्घाटन

फाइनल मुकाबले का उद्घाटन डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह, एसडीओ कुमार पंकज तथा जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि मैच की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ की गई। उद्घाटन के दौरान आयोजक 11 स्टार क्रिकेट क्लब के सदस्य भी मौजूद थे।




मैच के पूर्व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे



मैच के पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक व एसडीओ



मैच के दौरान बल्लेबाजी के लिए तैयार खड़ा खिलाड़ी

## भाजपा की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती मनाने पर हुई चर्चा



**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के रामलीला मंच पर गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष माधुरी कुंवर ने व संचालन जिला महामंत्री नवीन निश्चल चतुर्वेदी ने किया। बैठक में जिला प्रभारी सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश नेतृत्व द्वारा 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

वहीं, जिले के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने पर भी सहमति बनी। इसकी जानकारी भी सभी मंडल इकायों को देने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंति समारोह में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ ही बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल होंगे। वे राजनीति के युग पुरूष थे तथा विपक्षी भी उनका सम्मान करते थे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजाराम पांडेय, बलराम पांडेय, जिला आईटी सेल के अध्यक्ष धीरज पाठक, डुमराव मंडल अध्यक्ष सतीश राय, सिमरी मंडल अध्यक्ष अनु तिवारी, ब्रह्मपुर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र तिवारी, बिहार प्रदेश संगठन विस्तारक संतोष दुबे सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी मौजूद थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लगा शिविर

**केसठ।** गुरूवार को प्रखंड के विभिन्न वसुधा केन्द्रों पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का सामाजिक अंकेक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी परमानंद सुमन ने किया। शिविर के दौरान प्रखंड कृषि समन्वयक हरीश चंद्र, लेखापाल प्रफ्फुल कुमार, किसान सलाहकार अमरेंद्र कुमार, रितेश कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार इस दौरान किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का ई-केवाईसी करने का निर्देश भी दिया गया तथा इस क्रम में शिविर में जो किसान आए उनका ई-केवाईसी भी किया गया। कहा गया कि जिन लाभुकों के आधार कार्ड में जो त्रुटि है उसे शीघ्र सुधार करा लेना है। बताया गया कि यह सभी कार्य 24 दिसंबर तक पूर्ण कर लेना है। साथ हि कौन से किसान इस योजना का लाभ ले सकते हैं या नहीं इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर कुलमनपुर, केसठ सहित जगहों पर स्थित बसुधा केन्द्रों में ई-केवाईसी कराने वाले किसानों की भीड़ लगी रही।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को धरातल पर उतारने को मांगा गया सहयोग

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में गुरुवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में इस सत्र में अभिभावकों ने अपने अपने बच्चों के अच्छाई एवं जो कुछ कमी है उसे शिक्षकों के समक्ष रखा। शिक्षकों द्वारा बच्चों में सुधार एवं प्रगति को लेकर आश्वासन भी दिया गया। बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को समय से विद्यालय भेजने, गृह कार्य पूरा कराने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को धरातल पर उतारने के लिए अभिभावकों से सहयोग मांगा। जानकारी के अनुसार बैठक में वर्ग तीन से पांच तक के कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने कहा कि सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, किताबें, ड्रेस आदि दे रही है। इसका सदुपयोग कराएं। बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करें तथा नियमित



बैठक में शामिल अभिभावक

रूप से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें। वही इस दौरान बच्चों को चहक के गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाने की पहल की गई। अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों के शैक्षणिक, कौशल, मानसिक एवं समग्र विकास के बारे में चर्चा की। साथ ही अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर बेहतर तरीके से संचालन का सुझाव दिया। वही शिक्षकों ने भी अभिभावकों से घर पर बच्चों को समय देने एवं बच्चों को सादगी, शालीनता, सज्जनता और कुशल व्यवहार हेतु प्रेरित करने की अपील की।

## एक नजर

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**बक्सर।** जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक बक्सर में आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस 2022 के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किए जाने से संबंधित कार्यक्रम में भाग लिया गया। गणित विषय की 38 जिलों में ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा कक्षा 6 से 12 के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें बक्सर जिला में 2000 लड़कों ने भाग लिया। उनमें से क्लास 6 से क्लास 12 तक के बच्चो में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पटना में पुरस्कार दिया गया एवं शेष बचे हुए तृतीय एवं दशम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में सर्टिफिकेट एवं मेडल वितरित किया गया। पुरस्कार वितरण में तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट, मेडल एवं 700 रुपया दिया गया। शेष बचे हुए पंचम से दशम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया उनके विषय, अभिरुचि, ज्ञान एवं जिज्ञासाओं के संबंध में जानकारी ली और उन्हें प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारीने वहां उपस्थित बच्चों से कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ अपने अंदर के संज्ञानात्मक ज्ञान का भी विकास करें और किसी भी प्रश्न को हल करने के लिए केवल एक नियमबद्ध तरीके से करने के अलावा अन्य तरीकों से भी हल करने का भी कोशिश करें। अपने ज्ञान को बढ़ाएं और नए-नए तकनीकी विषयों में अभिरुचि रखें। कठिन परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की कुंजी है।

### सिविल सर्जन के आदेश के बाद भी ब्रह्मपुर बीसीएम ने अब तक नहीं दिया प्रभार

**ब्रह्मपुर।** जिला सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ के द्वारा जिले के सभी बीसीएम का स्थानांतरण किया गया है। जिसके लिए प्राप्तांक 1014 के आलोक में 16 दिसंबर को स्थानांतरण का निर्देश पारित किया गया। इस क्रम में ब्रह्मपुर सीएचसी के बीसीएम विनोद कुमार (जो वर्तमान में मैनेजर के भी प्रभार में है) का स्थानांतरण सिमरी सीएचसी में हो गया है। लेकिन अभी तक उन्होंने अपना प्रभार नवप्रतिनियुक्त बीसीएम को नहीं दिया है। बताया जाता है कि ब्रह्मपुर सीएचसी के वर्तमान बीसीएम पर स्थानीय लोगों ने कई बार मरीजों से दुर्व्यवहार आ आरोप भी लगाया है। नाम न बताने की शर्त पर ब्रह्मपुर सीएचसी के ही एक कर्मचारी ने बताया कि कई बार इन पर वित्तीय अनियमितता के अलावा मरीजों के परिजनों से दुर्व्यवहार की मौखिक शिकायत भी जिला चिकित्सा पदाधिकारी से किया जा चुका है। लेकिन इनके व्यवहार में किसी भी तरह का कोई परिवर्तन नहीं आया। उन्होंने यह भी बताया की तीन साल पहले उनका स्थानांतरण चक्की स्वास्थ्य केंद्र में हुआ था। इसके अल२२२२२२२२२२२ावा उस समय वो सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीसीएम के भी प्रभार में थे। लेकिन उस समय उन्होंने दो महीनो में ही अपना स्थानांतरण करा पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर में ही आ गए। जिला सिविल सर्जन से इस बाबत बात करने पर उन्होंने मीटिंग में शामिल होने की बात का हवाला देकर कुछ बोलने से इन्कार कर दिया। इस बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के बीसीएम का कार्यकाल यहां लगभग तीन साल दो महीना हो गया है। लेकिन अभी तक उन्होंने अपना चार्ज किसी को नहीं दिया है। जबकि जिला से स्थानांतरण की चिट्ठी 16 दिसंबर को ही निकल चुका है। ऐसे में उनका दूसरे बीसीएम को चार्ज न देना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर में ही टिके रहना अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

**कई योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृत किए गए करोड़ों के ऋण**

# रोजगार सृजन योजना के तहत लगाया गया ऋण वितरण शिविर

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को बक्सर नगर भवन परिसर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत एक ऋण शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर उद्योग केंद्र पटना के उपनिदेशक रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें उप समाहर्ता बैंकिंग रश्मि सिन्हा, विशिष्ट अतिथि एनके सिंह, उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक पटना, मयंक शेखर क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक आरा, जीविका डीपीएम चंदन कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बक्सर एवं बक्सर जिले के बैंक के सभी प्रबंधक गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत अग्रणी जिला प्रबंधक जेके वर्मा के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस माह में पीएमईजीपी के कुल 32 आवेदन स्वीकृत किए गए जिसमें 2.86 करोड़ की स्वीकृति हुई। इसके अतिरिक्त मुद्रा योजना में 75 आवेदन की स्वीकृति हुई। जिसमें 3.11 करोड़ तथा स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत 432 खातों में कुल 21.60 करोड़ के ऋण वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई के उप महाप्रबंधक ने बक्सर जिले के सीडी रेशियो की चर्चा की तथा उन्होंने कहा कि बक्सर जिले के सीडी रेशियो को बढ़ाने में भारतीय स्टेट बैंक आगे रहेगी। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा डीएलसीसी बैठक में सीडी रेशियों मिशन 50 के तहत 2023 में करने का जो निर्णय लिया गया है उसे पूरा करने का आश्वासन उप निदेशक ने दिया। उपनिदेशक ने कहा कि पीएमईजीपी के तहत ऋण की स्वीकृति एवं वित्तपोषण में दो बैंक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक शामिल है। अन्य बैंकों को भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तथा पीएमईजीपी के लक्ष्य को पूरा करने में जिले के सभी बैंकों को सहयोग देने की आवश्यकता है। पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा 26 लक्ष्य आवेदन के विरुद्ध 58 की स्वीकृति की गई है तथा भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा 14 लक्ष्य आवेदन के विरुद्ध 27 आवेदन की स्वीकृति की गई है। बक्सर जिले में कुल 130 पीएमईजीपी आवेदन की स्वीकृति का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। के विरुद्ध आज तक कुल 118 आवेदन की स्वीकृति की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त पीएमएफएमई से संबंधित जानकारी भी उनके द्वारा आए हुए आगंतुकों को दी गई तथा उन्होंने कहा कि पीएमएफएमई में भी आवेदन बक्सर जिले में भेजे गए हैं। इन आवेदनों को भी बैंक के द्वारा जल्द स्वीकृत की जाए। शिविर में आए हुए सभी लाभुकों को पत्र वितरित किया गया।

### स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत 432 खातों में कुल 21.60 करोड़ के ऋण वितरित



शिविर में ऋण पत्र देते अधिकारी

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई मामलों की सुनवाई

**बक्सर।** डीएम अमन समीर ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत विभिन्न अपीलार्थियों द्वारा द्वितीय अपील वाद की सुनवाई कार्यालय कक्ष में की। कुल 09 मामले लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम से संबंधित मामलों की सुनवाई कार्यालय कक्ष में एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े पदाधिकारियों के साथ की गई। कुल 09 मामलों में से 01 लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के मामलों का निष्पादन किया गया। सुनवाई के क्रम में उप स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, जिला योजना पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर, सीओ चौगाई एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसडीओ डुमरांव, बक्सर नगर परिषद की ईओ , बीडीओ राजपुर, चक्की, ब्रह्मपुर, सीओ बक्सर, चौसा, चक्की, सिमरी उपस्थित थे।

CMYK

## शहर छोटी खबरें

### 24 तक मनेगा उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस

**मऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर पूरे प्रदेश में इसे स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 दिसंबर तक चलेगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मोहम्मदाबाद, गोहना इकाई द्वारा व्यापार मंडल के 50वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम 24 दिसंबर को व्यापार मण्डल कार्यलय मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ में मनायी जाएगी। एवं शहीद चौराहे पर स्थापित वीर शहीदों की मूर्ति पर मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल जनपद मऊ के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर द्वारा शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जाएगा।

### डीएम ने ली निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की जानकारी

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी ने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षात्मक बैठक की। डीएम ने उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से अबतक कितने पशुओं को चिन्हित कर पशुपालकों को सुपुर्द किए गए हैं एवं कितने पशुओं को आश्रय स्थल में रखे जाने की जानकारी ली। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देश दिया कि इस योजना में जरूरतमंद परिवारों में दुधारू पशुओ की सुपुर्दगी की जाये तथा उसका समय से भुगतान भी किया जाए। उन्होंने पशु चिकित्साकों को निर्देश दिया कि पशुओं की बराबर वेरिफिकेशन किया जाय। यदि किसी पशु के मृत्यु के बाद भी उसका भुगतान किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही तय है। उन्होंने निर्देश दिया कि सहभागिता योजना के तहत पशुपालकों में दिये जाने वाले भुगतान समय से किया जाये।

# ठंड का कहर: कोहरे की चादर में लिपटा शहर, ठिठुरते हुए स्कूल जाने को बच्चे मजबूर

**केटी न्यूज/बलिया**

- कोहरे और गलन के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त
- शहर हो या हाई-वे थमी वाहनों की रफ्तार

दिसंबर माह का पहला पखवारा बीतते ही ठंड ने अपना कहर ढहाना शुरू कर दिया है। सोमवार से ही जनपद में कोहरे और ठंड से गलन बढ़ जाने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो चला है। बुधवार को तो जहां पर रोड पर सुबह से ही मोटर गाड़ियों का आना जाना शुरू हो जाता था, वहीं पर घने कोहरे के कारण अब बहुत कम संख्या में दिखने लगी और जहां फर्राटे भरती हुई गाड़ियां हाईवे पर दिखाई पड़ती थी वहीं पर अब रेंगती हुई दिखाई पड़ रही है। घने कोहरे के कारण अब लोगों ने घर में दुबकना शुरू कर दिया हैं।

ठंड और कोहरे से सबसे ज्यादा घर की महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिनके सामने सुबह से ही घरेलू कामकाज के अलावा स्कूल जाते बच्चों के लिए टिफिन तैयार करना तथा अपने परिजनों के ऑफिस जाने के लिए भोजन तैयार करना भी शामिल है। यह सारे काम इसी गलन और ठंड के बीच करना पड़ा है। वहीं, ठंड से ठिठुरते बच्चे स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं।



कोहरे में सड़क पर जाता वाहन

**घरों में जलने लगे अलाव, गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी :** घरों में अलाव का जलना भी शुरू हो गया है और बाजारों में भी ऊनी कपड़ों कंबल रजाई तथा ठंड से बचने के उपाय के लिए लोग खरीदारी भी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यही नहीं ठंड से जानवरों और पक्षियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और देर रात तक किसानों द्वारा अपने खेतों की सिंचाई करने से उन्हें भी ठंड लगने की संभावना भी बलवती हो चुकी है। इस तरह से जनपद में ठंड का कहर ढा रहा है और उस पर कोहरे की चादर ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कोहरे के आलम यह कि पांच मीटर की दूरी भी ठीक से नहीं दिख रही। फॉग के चलते विजिबिलिटी जीरो रही। कोहरे और सर्दी ने लोगों को ठंड से बचने के लिए उपाय ढूंढने के लिए मजबूर कर दी है।

**दिनभर चलती रही सूर्य और कोहरे की आंख मिचौनी :** सुबह घने कोहरे की वजह से आम जनजीवन भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ वहीं इसका असर रेलों के आवागमन पर भी पड़ा। दोपहर को कोहरे की चादर थोड़ी छंटी तो सूर्य देव के भी चंद मिनटों के लिए दर्शन हुए और इसके बाद फिर से आसमान में कोहरे के बादल छा गए। दिनभर सूर्य और बादलों के बीच आंख मिचौनी का खेल चलता रहा। मौसम विभाग के विशेषज्ञों की मानें तो अगले कुछ दिनों तक कोहरे के साथ ही ठंड और ठिठुरन में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। जनवरी के शुरूआती दिनों में तो आंशिक बादल के साथ साथ कहीं कहीं पर बूंदाबांदी के आसार भी जताए हैं।

### पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में गिरावट

लोगों का अनुमान है कि दिसंबर के खत्म होते माह से लेकर जनवरी माह तक की ठंडी अपने युवावस्था में रहती है जिसके लिए लोगों को अपनी सुरक्षा के सारे इंतजाम करने के लिए तैयार भी रहना चाहिए और अनुमान है कि ठंड और कोहरा आने वाले दिनों में और भी मुश्किले बढ़ा सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण तापमान में भी भारी गिरावट हुई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा सभी स्कूलों में अवकाश या प्रथम पाली के समय में बदलाव की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। जिससे स्कूली बच्चे ठिठुरती ठंड में जाने पर मजबूर हैं।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने जाम की सड़क

# हादसा: नो इंट्री के दौरान अनियंत्रित ट्रक ने बाजार में स्कूली बच्चे को रौंदा, मचा हड़कंप

- ट्रक के चक्के की हवा निकाल, चालक को पुलिस के हवाले सौंपा
- मां की तहरीर पर बक्सर के ट्रक चालक पर दर्ज की गई प्राथमिकी

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार में गुरुवार को नो इंट्री के समय एक ट्रक ने 11 वर्षीय छात्र को रौंद दिया। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गयी। यह हादसा उस समय हुआ, जब छात्र कोचिंग में क्लास करने जा रहा था। हादसे से बाजार में कोहराम मच गया। वह अपने नाना के घर रहकर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

मौके पर जुटे ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, ट्रक का हवा निकाल दिया गया, ताकि ट्रक लेकर चालक भाग न सके। भारी भीड़ की सूचना पर सीओ उस्मान, एसएचओ धर्मवीर सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं भीड़ को समझाबुझा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।



घटना स्थल पर रोते बिलखते परिजन

**घटना के बाद लोगों ने दी पुलिस को सूचना :** ट्रक चालक बक्सर जनपद के औद्योगिक थाना अंतर्गत पड़री निवासी संजय यादव ने ट्रक छोड़कर भागने कोशिश की। लेकिन, ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। कुछ लोगों ने चालक की पिटाई शुरू की, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने चालक को पिटाई न करने की सलाह देते हुए, पुलिस को मामले की जानकारी दी। इस बीच वहां मौजूद लोगों ने ट्रक के चक्के की हवा भी निकाल दी। घटना स्थल पर भारी भीड़ जुट गयी, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। मौके पर पहुंचे सीओ व कोतवाल के समझाने बुझाने पर लोग शांत हुए। बैरिया थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक बालक की मां पूजा देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक को चालान न्यायालय भेज दिया। वहीं, मुआवजे के लिए एसडीएम द्वारा पीड़ित जनों को आश्वासन दिया गया है।

**नो इंट्री में कैसे घुसा बाजार में ट्रक :** वहीं नो इंट्री के समय में रानीगंज बाजार में ट्रक कैसे घुसा इसके विरोध में लोगों ने कुछ पल के लिए थाना के सामने बैरिया सुरेमनपुर मार्ग जाम करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए जाम करने वालों को खदेड़ दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया चालक की लापरवाही सामने आयी है। वह तेज रफ्तार में ट्रक चला रहा था, जिससे यह दुर्घटना हुई।

### साइकिल से कोचिंग जा रहा था शिवम

मामले में बताया जाता है कि दुबहड़ थाना क्षेत्र के रामपुर टिटही गांव निवासी हरिश्चन्द्र वर्मा का बेटा शिवम वर्मा बैरिया थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव निवासी नाना देवेन्द्र वर्मा के घर रहकर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कोचिंग में पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार की सुबह शिवम साइकिल से कोचिंग जा रहा था, तभी चिउड़ा लादकर जा रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से शिवम की मौत हो गयी। घटना के बाद बाजार में अफरातफरी मच गई। अचानक हुए इस हादसे से बाजार में मौजूद सभी लोग सख्ते में आ गए। कुछ देर के लिए किसी को कुछ समझ में नहीं आया कि आखिर वहां हुआ क्या है। जिसके बाद वो ट्रक की ओर भागे।

## बॉर्डर पर निगरानी रखते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें: एसपी



बैठक में जानकारी देते एसपी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

निकाय चुनाव, जनपद की सीमा पर सतर्कता एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने स्थानीय पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें पुलिस परिवार की समस्याएं सुनी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने सर्वप्रथम विभिन्न थानों से आए हुए कर्मचारियों से बात की तथा संबंधित को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की गई। बाद में पुलिस कप्तान ने आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र के अपराधियों पर नजर रखने व कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

निकाय चुनाव में गड़बड़ी कर सकने वाले अपराधियों को चिन्हित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। गैर जनपद से लगे सीमाओं पर किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया। मादक पदार्थों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। सभी को सख्त निर्देश दिया गया कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को कदापि न बक्शा जाए। सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया तथा यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी थाना क्षेत्र में कोई भी अपराध घटित ना होने पाए। अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं कड़ी कार्रवाई की जाए। थाने के हिस्ट्रीशीटरो पर थाने के सिपाही से लेकर थाना प्रभारी तक नजर रखें।

## पूर्वांचल विवि ने मिथिला बिहार विवि को हराया

### पूर्वी जोन अंतर-विश्वविद्यालय क्रिकेट (महिला) प्रतियोगिता का हुआ समापन

**२२२२केटी न्यूज/गाजीपुर**

एपीएस विश्वविद्यालय, रीवां में आयोजित पूर्वी जोन अंतर-विश्वविद्यालय क्रिकेट (महिला) प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने मिथिला बिहार विश्वविद्यालय को 55 रनों से हराकर अपना लीग मैच जीता।

मैच में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में तीन विकेट पर 237 रन बनाया। जिसके जवाब में मिथिला बिहार की टीम आठ विकेट पर 182 रन ही बना सकी। स्वामी सहजानंद कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. वीके राय ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम के मैनेजर अजय राय, सहायक कोच संजय कुमार राय तथा कोच अलका सिंह चौहान सहित टीम की सभी खिलाड़ियों को उनके विजय अभियान के लिए बधाई दी है।



जीत के बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज के ग्राउंड पर बीते दिनों सम्पन्न हुई थी। जिसमें मु. हसन कॉलेज, जौनपुर की टीम विजेता तथा मेजबान सहजानंद की टीम उपजेता घोषित की गई थी। इन्हीं मैचों में प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया था। टीम के मैनेजर तथा कोच ने उमीद जताई है कि जोनल मैचों में प्रदर्शन के आधार पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करेगी।

## सर्व शिक्षा अभियान 'सब पढ़ें, सब बढ़े' के तहत पैरामीटर पूर्ण करने की हो रही समीक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक संपन्न

मरदह ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में सर्व शिक्षा अभियान ₹सब पढ़ें, सब बढ़े₹ के उद्देश्य से परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अवध किशोर सिंह ने मिशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी पैरामीटर पूर्ण करने की बारीकी से समीक्षा की।

अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक मिशन प्रेरणा में अपनी भूमिका सुदृढ़ करें। शिक्षकों की मदद के बिना लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। उन्होंने निपुण लक्ष्य प्राप्त करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने के उपाय भी बताए। निपुण ब्लाक बनाने के बिन्दुवार चर्चा करते हुए शिक्षा क्षेत्र के 11 विद्यालयों का चयन करते हुए घोषणा किया तथा इनके प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। विद्यालय प्रभारियों से बिंदुवार समीक्षा करते हुए समस्याओं की जानकारी ली। प्रधानाध्यापकों ने समस्या से उन्हें अवगत कराया विद्यालय के जर्जर भवन तथा कुछ विद्यालयों में विद्युत समस्या व हाईटेंशन तारों की समस्या से अवगत होते हुए उसके निराकरण की बात कही। बेसिक शिक्षाधिकारी हेमंत राव ने शिक्षा निदेशक को बुके देकर सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की दो सदस्यीय टीम ने रेवतीपुर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- सरकारी योजनाओं की ली जानकारी, अभिलेखों का किया अवलोकन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक के निर्देश पर बृहस्पतिवार को परिवार नियोजन के प्रदेश सलाहकार अरविन्द उपाध्याय व बाल स्वास्थ्य प्रोग्राम के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर राजीव दुबे के नेतृत्व में गठित दो सदस्यीय टीम रेवतीपुर सीएचसी पर धमक पड़ी। इसके चलते महकमे में हडकंप मच गया।

जांच के लिए आई टीम ने सबसे पहले चिकित्साधीक्षक व प्रभारी अधिकारी के कार्यालय में बारिकी से हरेक अभिलेखों व मरीजों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद टीम प्रसव केन्द्र पहुंची। जहां अव्यवस्थाओं को लेकर उनकी नाराजगी बढ़ गई। टीम के द्वारा पूछे गए सवालों का जबाव देने में महिला स्वास्थ्य कर्मियों के पसीने छूटने लगे, वो एक भी सवाल का जबाब नहीं दे पाएं। प्रसव केंद्र में केस सीट, अंतरा रेफरल, रजिस्टर, स्लीप न होने पर भड़क पड़े। परिसर में कूड़ा प्रबंधन की कोई व्यवस्था न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल परिसर में डस्टबिन रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में टीम ओपीडी पहुंची, जहां बलगम व डेंटल जांच एक ही कक्ष में संचालित पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही, टीम ने तत्काल दोनों जांच को अलग-अलग कक्ष में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान टीम ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को स्वास्थ्य केन्द्र की दशा सुधारने के निर्देश दिए। चेताया कि अगली दफा जांच में कमी पाए जाने पर सख्त विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



जांच के दौरान फटकार लगाते अधिकारी

## परिवार नियोजन के लिए जनपद में सभी संस्थागत चिकित्सालयों का बनेगा एक प्लेटफार्म

# प्रसव के बाद दंपति को परिवार नियोजन की दी जाएगी जानकारी

**केटी न्यूज/मऊ**

- अब परिवार नियोजन, प्रसव व टीकाकरण का होगा पंजीकरण

जनपद में प्रसव के दौरान मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने और परिवार नियोजन का लाभ आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला हुई। निजी चिकित्सालयों व पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधियों की संयुक्त कार्यशाला में जनपद के 20 अस्पतालों को प्रमुख सूचकांकों और उसके पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई। फोग्सी अध्यक्ष की संयुक्त उपस्थिति में पूरा कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालय के सभागार में जनपद के निजी चिकित्सालयों की प्रसव और नियोजन सूचना संकलन के लिए यह आयोजन हुआ। इसमें प्रसव संबंधित सभी जांच, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन और नियमित टीकाकरण के पंजीकरण सहित 24 बिंदुओं के बारे में बताया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिशु कल्याण और परिवार नियोजन डॉ. बृजेश कुमार यादव ने जनपद के समस्त निजी अस्पतालों के संचालकों को विभिन्न बिंदुओं पर सूचना भरने के लिए निर्देश दिए हैं। नोडल डॉ. बीके यादव ने बताया कि विभाग इस पोर्टल का प्रयोग और पंजीकरण उन्हीं चिकित्सालयों को दिया जाएगा, जो सरकार के मानक पर खरे उतरते हैं और जो सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने में नियमानुसार सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार सभी संस्थागत सुरक्षित प्रसव व प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत दोनों को एक प्लेटफार्म पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, इस सूचना का अन्यत्र कहीं भी प्रयोग नहीं किया जाएगा। आम हो या खास इसका लाभ सभी को प्राप्त होगा।



बैठक में जानकारी देते चिकित्सीय अधिकारी

जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से अन्जू एवं प्रशान्त ने हौसला साझेदारी कार्यक्रम व आयुष्मान भारत योजना से जुड़े चिकित्सालयों को एक फॉर्मेट के बारे में जानकारी दी। जिस पर हर माह ब्यौरा उपलब्ध कराना है। ब्यौरे में प्रसूता को दिये जाने वाली प्रसव कालीन सेवाओं, सी सेक्शन प्रसव, नार्मल प्रसव, शिशु जन्म, शिशु मृत्यु, पुरुष नसबन्दी, महिला नसबन्दी और बच्चों को लगाये जाने वाले वाले टीके समेत कुल 24 बिन्दुओं के बारे मे जानकारी दी गयी और उन्होंने फॉर्मेट के बारे में विस्तार से बताया गया।

अध्यक्ष डॉ. वर्मा ने बताया कि जब तक हम सभी निजी क्षेत्र के चिकित्सालय संपूर्ण रिपोर्ट नहीं देगें, तब तक जच्चा बच्चा और बाल स्वास्थ से जुड़ी योजनाओं का पूरा लाभ समुदाय के हर नागरिक तक नहीं पहुंच पाएगा। फोग्सी प्रेसीडेंट डॉ कुसुम वर्मा ने इस कार्यशाला में सभी निजी अस्पतालों के प्रबन्धकों एवं डॉक्टर से कहा कि प्रसव पूर्व सुविधायें, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन और बच्चों को नियमित टीकाकरण की रिपोर्ट निरंतर देने से शिशु-मातृ मृत्यु दर रोकने में इन सूचनाओं व आंकड़ों का खास योगदान है। पीएसआई इन्डिया के केवल सिंह सिसोदिया बताया कि हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर सभी निजी अस्पतालों की रिपोर्ट नियमानुसार नहीं भरे जाने की वजह से जिले की रैंकिंग भी प्रभावित हो रही है। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी-टीएसयू के शरीफ ने इस कार्यशाला में मॉडर्न कंट्रासेप्टिव जैसे आईयूसीडी, छाया, मालाडी, पुरुष एवं महिला नसबन्दी के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/मऊ**

रतनपुरा विकास खंड के अइलख स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के परिसर में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक स्तरीय व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में एकांकी व लोकगीत की प्रस्तुति में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्रा के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया।

सुबह से ही बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया, पुरस्कार वितरण के समय बच्चों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, बच्चों के साथ साथ स्वयं सम्मान पाकर अभिभावक भी गर्व से अभिभूत थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्रा व विशिष्ट अतिथि सर्वजीत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन कर किया।

अतिथियों के स्वागत में स्कूली बच्चियों के द्वारा मेरे सरकार आए हैं तथा सरस्वती वंदना ने सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया, यश प्रताप सिंह, पुष्प प्रताप सिंह व वर्षा सिंह ने अपने स्वर के माध्यम से गीतों की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। एकांकी व लोकगीत प्रतियोगिता के लिए प्रीति सिंह, अंशु चौहान, रिया प्रजापति, नन्दिनी, पायल, अंजली खरवार, सोनम व ज्योति को पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ विद्यालय की प्रबंध-समिति का गठन कर उसकी नियमावली महत्त्व के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया।